# हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जोश व जश्न के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा





**नवभारत,दमोह।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत स्थानीय तहसील ग्राउण्ड से एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा तहसील ग्राउंड से कीर्तिस्तंभ,कोआपरेटिव्ह बैंक चौराहा,बस स्टेण्ड चौराहा से एवरेस्ट लॉज तिराहा,घण्टाघर,अम्बेडकर चौक से पुनरू तहसील ग्राउण्ड में समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के संस्कृति,पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी, आनंद विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री व विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ मंजु कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर,कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व पुलिस अधीक्षक (भापुसे) आनंद कलादगि सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, छात्र- छात्राओं, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कमर्चारियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई।भव्य तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। डीजे और बाजों के साथ नौजवानों, युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं सहित पुलिस विभाग के नौजवान तिरंगे को लहराते हुये आजादी का जश्न मनाते नजर आ रहे थे। राष्ट्र भक्ति गीतों का क्रम लहराते तिरंगे के साथ आजादी जश्न नजर आ रहा था।प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व व धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बच्चों और गणमान्य नागरिक गणों ने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकालने का काम किया है।आनंद विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने कहा प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर पूरे देश में 9 तारीख से लेकर के 17 तारीख तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व वित्तमंत्री व दमोह के विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा आज 13 अगस्त को पूरे देश के अंदर तिरंगा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और आप देख रहे हैं कि दमोह में किस तरह से उत्साह है जवानों में, महिलाओं में, नौजवानों में, बच्चों में उत्साह देखने मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आज दमोह नगर में शासन, प्रशासन, गणमान्य नागरिक, स्कूल के छात्रो, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन, सबने मिलकर एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने कहा देश के प्रधानमंत्री के आव्हान पर हर घर तिरंगा,हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से आज हम सभी लोगों ने जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा आज हम महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर सपूतों को नमन करते हैं, हमें उनके बताएं मार्गों पर चलना है कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा यह हमारी तिरंगा यात्रा भारत माता के प्रति प्रेम,स्नेह,समर्पण की भावना की अभिव्यक्ति है।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा आज फुल ड्रेस रिहर्सल था 13 अगस्त का। उसके साथ ही साथ हम लोगों ने शहर घर तिरंगाश् के अंतर्गत हम लोगों ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाला है। इसमें लगभग 3,000 से 4,000 लोग शामिल हुये। इसमें छात्र-छात्राएं, युवा सभी शामिल हुए, जनप्रतिनिधि लोग भी,सभी अधिकारीगण इसमें शामिल थे।जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व सभी जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महेश पटेल, रमन खत्री, रामेश्वर चौधरी,राघवेंद्र सिंह परिहार,संजय यादव मनीष तिवारी, रानू नामदेव, कपिल शुक्ला, सुरेश पटेल, देवकीनंदन पटेल, प्रमोद विश्वकर्मा, महाराज सिंह लोधी, प्रिंस जैन, राजेंद्र रिंकू गोस्वामी,संदीप शर्मा, रमाकांत बाजपेई, कार्तिक शैलार राजुल चौरहा, कृष्णा पटेल,वर्षा रैकवार, कुसुम खरे, बबली विश्वकर्मा, दुर्गेश मिश्रा,छाया साहू, रेनू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल कलेक्टर राजेश मोहन त्रिपाठी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को सहित जिला प्रशासन अधिकारी गणमान्य नागरिक. नागरिक, मीडियाजन उपस्थित रहें।



### तेंदूखेड़ा व नोहटा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में नोहटा एवं तेंदूखेड़ा में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। नोहटा में तिरंगा यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए राम अवंती बाई लोधी परिसर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इसी क्रम में दूसरी तिरंगा यात्रा जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्राओं में बड़ी संख्या में बच्चों,युवाओं व नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की।राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि छात्रो के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मन अत्यंत प्रफुल्लित और भाव-विभोर हुआ। देशभक्ति के उत्साह से सराबोर बच्चों के हाथों में लहराता तिरंगा और उनके चेहरों पर दिखाई देता राष्ट्रप्रेम का भाव देखकर हृदय गर्व से भर उठा।



### बटियागढ में तिरंगे की आन-बान-शान के साथ तिरंगा यात्रा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं में नागरिकों ने उत्साह और उल्लास के साथ सहभागिता की। प्रदेश के आनंद विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने बटियागढ़ में हर घर तिरंगा अभियान के अवसर पर कहा कि तिरंगे की आन,बान और शान को समझने वाले सभी वर्गों के लोग इन यात्राओं में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रहे हैं,09 अगस्त से 17 अगस्त तक देश,प्रदेश,शहरों,कस्बों और गांवों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है।इन यात्राओं का उद्देश्य युवा पीढ़ी और बच्चों को तिरंगे के महत्व तथा स्वतंत्रता संग्राम के गौरवपूर्ण इतिहास से परिचित कराना है।राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा 14 अगस्त 1947 को देश के विभाजन के दौरान अनेक लोगों को अपने परिजन खोने और बड़ी संख्या में लोगों को अपनी संपत्ति व घर छोड़कर विस्थापित होना पड़ा।इसी पीड़ा और विभाजन की त्रासदी को स्मरण करने के लिए 14 अगस्त को विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।इन्होंने कहा तिरंगा यात्राओं के माध्यम से नई पीढ़ी को यह संदेश दिया जा रहा है कि देश की आजादी असंख्य वीर शहीदों के बलिदान, संघर्ष और तपस्या के बाद प्राप्त हुई है।इसलिए हमें स्वतंत्रता के महत्व को समझते हुए इसे पूरी श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाना चाहिए।इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।जिले में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के राज्यमंत्री लखन पटेल सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ बटियागढ़ ग्राम पंचायत से किया गया,जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटियागढ़, शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बटियागढ़ एवं कॉलेज के हजारों छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।कार्यक्रम के दौरान तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से बस स्टैंड तिराहा, तहसील, जनपद पंचायत होते हुए विश्रामगृह पर पहुंची, यात्रा का समापन विश्रामगृह पर किया गया।इस अवसर पर जनप्रितिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और आमजन शामिल हुए।

## नवीन हाई स्कूल भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**नवभारत,हटा/दमोह.** हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पाली में नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हटा विधायक उमा देवी खटीक के मुख्य आतिथ्य से संपन्न हुआ। नवनिर्मित स्कूल भवन में मां सरस्वती जी की प्रतिमा का अनावरण, स्थापना, पूजन के बाद फीता काटकर हाई स्कूल भवन क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया गया।लोकार्पण कार्यक्रम मे हटा जनपद पंचायत के अध्यक्ष गंगाराम पटेल, कमलेश चौदह, ग्राम पंचायत पाली की सरपंच चंदा किशोर यादव, जिला पंचायत सदस्य मोहनी जैन,जनपद सदस्य सरस्वती कुड़ेरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही।ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह के द्वारा करीब 134 लाख की लागत से बना। पाली गांव में दो वर्ष पूर्व ही हाई स्कूल भवन की स्वीकृत शासन द्वारा की गई थी, स्वीकृति के बहुत कम समय मे भवन तैयार होकर विद्यार्थियों के लिए मिलने से ग्रामीणों में खुशियों का माहौल है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आयोजित

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि(भा.पु.से.) ने परेड की तैयारियों का लिया जायजा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह,उमंग व गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से 13 अगस्त 2026 को प्रात: 9 बजे तहसील ग्राउंड, दमोह में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई ।फाइनल रिहर्सल के दौरान दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव (आईएएस) व पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (भापुसे) द्वारा परेड का निरीक्षण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं व तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे, राजेश मोहन त्रिपाठी, सौरभ गंधर्व, एच.आर. पांडेय, कोतवाली मनीष कुमार आदि रहे., रक्षित निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, यातायात दलबीर सिंह मार्को सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### परेड में दिखा अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान पुलिस जवानों द्वारा शानदार व अनुशासित परेड का प्रदर्शन किया गया। परेड का नेतृत्व प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक श्री शिवप्रसाद कंगाली, सब इंस्पेक्टर संजू सैयम द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने जवानों के उत्तम टर्न आउट, अनुशासन, कदमताल व परेड प्रदर्शन की सराहना की ।पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई। पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की मधुर प्रस्तुति दी गई, जिस पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों ने सावधान मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान के प्रति सम्मान व राष्ट्रभक्ति की भावना व्यक्त की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ अभ्यास

फाइनल रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के अभिभाषण के वाचन में लगने वाले समय का भी अभ्यास कराया गया ।इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के उत्साह एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने रिहर्सल में उपस्थित सभी लोगों में भी उत्साह व राष्ट्रभक्ति का संचार किया।

## तिरंगा यात्रा निकालकर दिया देशभक्ति का संदेश



**नवभारत,हटा/दमोह।** जिले के पुलिस अनुविभाग हटा अंतर्गत रनेह थाना पुलिस द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ,विद्यालयों के विद्यार्थी,शिक्षकगण व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।तिरंगा यात्रा संदीपनी विद्यालय रनेह से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य बाजार, बस स्टैंड एवं आंबेडकर चौक से होते हुए पुन: संदीपनी विद्यालय पहुंची। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ लोगों में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। प्रतिभागियों ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देशभक्ति की भावना तथा स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने नागरिकों से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।तिरंगा यात्रा में प्रभारी प्राचार्य हरेन्द्र चौधरी, सरपंच कन्हैया लाल आदिवासी,ग्राम पंचायत सचिव जागेश्वर नामदेव, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय,श्रीकांत तिवारी,शोवेन्द्र सिंह घोसी, शिव कुमार पटेल,जगदीश जोशी,भल्लू खंगार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं युवाओं में सौरभ तिवारी, दुर्गेश चौबे,रामू तिवारी, सुरेंद्र लोधी,पुष्पेंद्र लोधी,नीलेश लोधी व राज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।

### एक नजर में

#### एसडीओपी कृष्णपाल सिंह को डीजीपी का प्रशंसा पत्र



**नवभारत,हटा/दमोह।** हटा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी कृष्णपाल सिंह को बालाघाट में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।डीजीपी कैलाश मकवाना की ओर से प्रशंसा पत्र भेजा गया है। पत्र में उनके द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दिखाई गई कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण की सराहना की गई है।पुलिस विभाग के अधिकारियों और जवानों ने एसडीओपी कृष्णपाल सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

#### पशुपालन विभाग में बड़ा फेरबदल, डॉ. कामता प्रसाद कुर्मी बने नए उपसंचालक



**नवभारत,दमोह।** मप्र शासन के वल्लभ भवन से पशुपालन व डेयरी विभाग, मंत्रालय के द्वारा अधिकारियों की एक लंबी स्थानांतरण सूची जारी की गई है। सूची के अनुसार विभाग के करीब 169 अधिकारियों के फेरबदल कर उन्हें नई पदस्थापना दी गई है।इस सूची में पथरिया में पदस्थ डॉ. कामता प्रसाद कुर्मी को दमोह उपसंचालक, पशुपालन व डेयरी विभाग का नया प्रभार सौंपा गया है।उन्होंने गुरुवार को तत्काल पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। उल्लेखनीय है कि डॉ.कुर्मी की जगह पर पूर्व में डॉ.बृजेंद्र उर्फ बीके असाटी को उपसंचालक पशुपालन व डेयरी विभाग के पद का प्रभारी बनाया गया था।

#### शिव कुमार अग्रवाल का निधन



**नवभारत,दमोह।** दमोह के वरिष्ठ अधिवक्ता, डॉ. अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष व वैश्य महासम्मेलन दमोह के प्रथम अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल का 13 अगस्त, गुरुवार प्रात: 4:30 बजे जबलपुर में निधन हो गया। वे लंबे समय से सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय थे। अपने सरल स्वभाव और समाजसेवा के कारण वे हर वर्ग में लोकप्रिय थे। गुरुवार दोपहर को उनका अंतिम संस्कार शहर के हटा नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया।शोकाकुल परिवार में पत्नी श्रीमती सुमित्रा अग्रवाल,पुत्र-अनंत अग्रवाल,जयंत अग्रवाल,मनोज अग्रवाल, डॉ. अनुराग अग्रवाल, अविनव अग्रवाल, पुत्रवधू -पल्लवी, कु. रूपाली अग्रवाल व समस्त परिवार शोकाकुल परिवार ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे व शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

## झारखंड में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी का उग्र प्रदर्शन

### सीएम हेमंत सोरेन का फूंका पुतला



**नवभारत,दमोह।** झारखंड में हक और न्याय की मांग कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में दमोह नगर के घंटाघर चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया और राज्य सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर अत्याचार बंद करो हेमंत सरकार मुर्दाबाद और बर्बरता पर शर्म करो, शर्म करो के जोरदार नारे लगाए।परिषद के नेताओं ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए अपने हक और रोजगार की मांग कर रहे युवाओं पर लाठियां बरसा रही है। लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे छात्रों पर पुलिसिया बर्बरता राज्य सरकार की कायरता को दर्शाती है, जिसे देश का छात्र समुदाय कतई बर्दाश्त नहीं करेगा?।



### जनसुनवाई में जयश्री की सुनी गई फरियाद

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने तत्काल 3 हजार की सहायता राशि का चेक देकर घर में तत्काल बिजली कनेक्शन कराने के दिए निर्देश इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 247 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

## गौरव बने भाजपा सोशल मीडिया जिला कार्यसमिति के सदस्य



**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभागीय संगठन प्रभारी गौरव रणदिवे, प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया सुयश त्यागी, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंह तथा संभागीय प्रभारी सोशल मीडिया अंशुल सिंह परिहार की अनुशंसा पर जिला संयोजक सोशल मीडिया संदीप शर्मा ने सोशल मीडिया जिला कार्यसमिति की घोषणा की है। घोषित कार्यसमिति में गौरव सिंघई को जिला सदस्य का दायित्व सौंपा गया है ।नवनियुक्त जिला सदस्य गौरव सिंघाई ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह विधायक व पूर्व मंत्री जयंत मलैया, आनंद विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, दमोह सांसद राहुल सिंह तथा हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक सहित वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया ।गौरव सिंघई ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे ।गौरव सिंघाई की नियुक्ति पर जिला पदाधिकारीगण, समस्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## सिटी कोतवाली क्षेत्र में चाकूबाजी, एक युवक गंभीर रूप से घायल



**नवभारत, दमोह।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के उमा मिस्त्री तलैया और गाड़ीखान के पास बुधवार रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है। हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।जानकारी के अनुसार चक्रवर्ती नामक व्यक्ति ने राजकुमार रैकवार की जांघ में चाकू से वार कर दिया। घटना के बाद घायल को तत्काल इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसका उपचार जारी है ।घायल राजकुमार पिता लक्ष्मण रैकवार, उम्र करीब 47 वर्ष, निवासी पलंदी चौराहा, नया बाजार-4 बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चक्रवर्ती की तलाश शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में आपसी विवाद के कारण हमला होना बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती पर आयोजन

### सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन




**नवभारत, दमोह।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के शौर्य,साहस, राष्ट्रभक्ति व त्याग का स्मरण करते हुए उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया ।इस अवसर पर सामाजिक एकता व सामुदायिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया ।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयंत मलैया,पूर्व विधायक अजय टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे,मनु मिश्रा व सिद्धार्थ मलैया सहित गणमान्य नागरिक,समाजजन व बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण ध पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।जयंत मलैया ने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस,स्वाभिमान और राष्ट्रनिष्ठा के बल पर विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष किया। इस अवसर पर समाज के समाज के वरिष्ठ जन आर राठौर, चंदू लाल राठौर लीलाधर राठौर, परषोतम राठौर हरिश्चन्द्र राठौर करण राठौर गोकुल राठौर दयाराम राठौर बरेलाल, गणपत खूबचंद रमेश दिनेश शेखर राठौर आदि रहें.

**पुलिस अलर्ट मोड** | **डॉग स्क्वॉड के साथ रेल्वे स्टेशन, न्यायालय, कलेक्ट्रेट,बस स्टैंड का गहन निरीक्षण**

# 15 अगस्त को लेकर सुरक्षा अलर्ट





**नवभारत,दमोह।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। इसी के तहत बुधवार रात पुलिस के आला अधिकारियों ने डॉग स्क्वॉड और एचएचएमडी के साथ शहर के महत्वपूर्ण स्थानों का गहन निरीक्षण किया ।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में सीएसपी एचआर पांडे और टीआई कोतवाली मनीष कुमार पुलिस बल के साथ निकले। टीम ने सबसे पहले रेल्वे स्टेशन परिसर में आरपीएफ जवानों के साथ जांच की। इसके बाद जिला न्यायालय,कलेक्ट्रेट और बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया गया ।डॉग स्क्वॉड ने संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली और एचएचएमडी मशीन से सामान की जांच की गई ।अधिकारियों ने सभी स्थानों पर 15 अगस्त तक विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए ।यह निरीक्षण पुलिस मुख्यालय भोपाल से आए आदेश के अनुसार किया गया है। संभावित सुरक्षा खतरों को देखते हुए जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आगामी दिनों में होटल, लॉज,ढाबा,मुख्य समारोह स्थल, सरकारी कार्यालय और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भी गहन निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही शहर में प्रवेश करने वाले सभी पॉइंट्स पर वाहनों की चेकिंग के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# स्कूल परिसर में 10 वर्षीय छात्रा की मौत



जीवित अवस्था का चित्र

### पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत,दमोह। जिले से एक दुखद खबर सामने आई है। स्कूल गई 10 वर्षीय छात्रा की स्कूल परिसर में कक्षा 5वीं की छात्रा की मौत हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान निशा पिता राकेश यादव निवासी घाट पिपरिया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। स्कूल के शिक्षक भी पहुंचे ।पुलिस के अनुसार अज्ञात कारणों से छात्रा की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।